रजि.नंबर एस-27/1919

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा
प्रदेशसभा राजस्थान

सामाजिक जनगणना एवं वेबसाइट के सामान्य सवाल-जवाब

– सामाजिक जनगणना हेतु पंजीकरण कैसे करे ?

प्रदेशसभा राजस्थान की वेबसाइट abjbm.com पर पंजीकरण करे सभी आवश्यक बिंदु जिन पर लाल बिंदी लगी हुई है को अवश्य भरे अपनी फोटो अपलोड करे अपने परिवार के सभी सदस्यों को जोड़कर निःशुल्क अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा प्रदेशसभा राजस्थान द्वारा जारी आई डी कार्ड प्राप्त करे ।

– क्या सामाजिक जनगणना हेतु परिवार का अलग अलग पंजीकरण कर आईडी कार्ड प्राप्त होगा ?

प्रदेशसभा राजस्थान की वेबसाइट abjbm.com पर परिवार के सभी सदस्यों का पंजीकरण एक साथ किया जा कर सभी पंजीकृत सदस्यों का अलग अलग आईडी कार्ड प्राप्त किया जा सकेगा।

– सामाजिक जनगणना का पंजीकरण abjbm.com पर किस भाषा में किया जा सकता है ?

सामाजिक जनगणना का पंजीकरण का फार्म abjbm.com पर हिन्दी या इंगलिश में भरा जा सकता है ।

– सामाजिक जनगणना का पंजीकरण का शुल्क कितना है ?

सामाजिक जनगणना का पंजीकरण निःशुल्क है ।

– सामाजिक जनगणना का कार्ड कैसे प्राप्त होगा ?

सामाजिक जनगणना का कार्ड पंजीकरण पूर्ण होने पर आपके मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है एवं बाद में भी abjbm.com पर हेल्पलाइन में find my id card में अपना मोबाइल नंबर वेरिफ़िकेशन कर निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है

– पंजीकरण फार्म को सबमिट करने के बाद आईडी कार्ड बनने में कितना समय लगता है ?

पंजीकरण फार्म में स्वयं एवं परिवार कि छोटी साइज की फोटो अपलोड करे। सबमिट करने के बाद कुछ क्षण इंतज़ार करे आपका आईडी कार्ड आपकी मोबाइल स्क्रीन पर होगा आप डाउनलोड कर प्रिंट करे । इस कार्य में समय सीमा आपके इंटरनेट की स्पीड एवं आपके द्वारा डाली गई फोटो साइज पर निर्भर करेगा ।

- **क्या सामाजिक जनगणना का आईडी कार्ड प्रदेशसभा या इसकी इकाइयों द्वारा डाक से भेजा जायेगा ?**

  नहीं जनगणना कार्ड केवल डिजिटल उपलब्ध होगा इसका प्रिंट आपको स्वयं निकलवाना होगा ।

- **क्या वेबसाइट https://abjbm.com पर पुनः लॉगिन कर भरी गई सूचनाओं को बदला जा सकता है ?**

  वेबसाइट पर लॉगिन केवल एडमिन ही कर सकते है भरी गई सूचना या फोटो में परिवर्तन हेतु abjbmrajasthan.info@gmail.com पर सूचित करना होगा प्रदेशसभा द्वारा आपकी सूचना को परिवर्तन करते ही ABJBMR द्वारा आपके रजिस्टर्ड मोबाइल पर मेसेज आयेगा एवं आप हेल्पलाइन में फाइंड माय आईडी कार्ड से पुनः परिवर्तित आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

- **क्या वेबसाइट https://abjbm.com पर विज्ञापन डाला जा सकता है ?**

  जी हाँ वेबसाइट https://abjbm.com पर निःशुल्क विज्ञापन डाला जा सकता है इसके लिये पंजीकरण करने बाद social activity में advertisement का फ़ार्म पंजीकरण नंबर डालकर भरना होगा 1-24 घंटों में आपका विज्ञापन वेबसाइट पर दिखने लगेगा।

- **क्या वेबसाइट पर सुझाव या शिकायत दर्ज की जा सकती है ?**

  जी हाँ जनगणना का रजिस्ट्रेशन करने के बाद https://abjbm.com पर हेल्पलाइन में जाकर सजेशन पर किलिक करे सुझाव या शिकायत का विकल्प सलेक्ट करे अपना जनगणना पंजीकरण नंबर डालकर सुझाव या शिकायत दर्ज की जा सकती है।

- **क्या https://abjbm.com पर भारत के किसी भी राज्य के जांगिड/सुथार समाज बंधु का रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है ?**

  नहीं वर्तमान में https://abjbm.com पर केवल राजस्थान के जांगिड/सुथार समाज बंधु ही रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

- **क्या abjbm.com सुरक्षित वेबसाइट है ?**

  जी हाँ abjbm.com एक हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल सिक्योर वेबसाइट है एवं वेबसाइट की समय समय पर पेनेट्रेशन टेस्ट भी करवायी जायेगी।

- **क्या वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किसी भी समय किया जा सकता है ?**

  जी हाँ वेबसाइट का प्रयोग 24x7 इंटरनेट उपलब्धता के अनुसार किया जा सकता है ।

- **क्या वेबसाइट पर महासभा की किसी भी इकाई का सामाजिक समाचार अपलोड किया जा सकेगा ?**

  जी हाँ abjbm.com पर महासभा की सभी इकाइयाँ सामाजिक कार्यक्रमों का समाचार एवं फोटो अपलोड करवा सकते है इसके लिये इकाई को समाचार फोटो सहित abjbmrajasthan.info@gmail.com पर मेल करना होगा ।